हरियाणा ने अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर** ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अर्जुन पुरस्कार **से सम्मानित राज्य के खिलाड़ियों और उनके कोच** को सम्मानित किया।

मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 **में अर्जुन पुरस्कार** से सम्मानित पहलवान **सुनील कुमार, अंतिम पंघाल और गोल्फर दीक्षा डागर** को सम्मानित किया।
- खिलाड़ियों ने **हरियाणा की खेल नीति** की सराहना करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और इस **'प्रो-प्लेयर' नीति** के कारण अब युवाओं का रुझान खेलों के प्रति बढ़ा है।
- मुख्यमंत्री के अनुसार, हरियाणा में गाँव-गाँव तक खेलों के लिये एक **मूलभूत ढाँचा विकसित** किया जाएगा ताकि **युवाओं को बचपन से ही प्रशिक्षित** किया जा सके।
- युवाओं को लोकप्रिय खेलों में **प्रशिक्षित करने के लिये** विशिष **उच्च-शक्ति प्रदर्शन** केंद्र स्थापित करने की योजना भी चल रही है। खेल सामग्री **ग्राम पंचायत** के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी।

अर्जुन पुरस्कार

- यह वर्ष **1961** में भारत सरकार द्वारा **राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट उपलब्धि** की पहचान करने के लिये स्थापित किया गया था।
- यह विगत चार वर्षों की अवधि में **अच्छा प्रदर्शन और नेतृत्व करने, खेल कौशल तथा अनुशासन** की भावना दर्शाने हेतु दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के अंतर्गत **15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, अर्जुन की एक कांस्य प्रतिमा और एक सम्मान पत्र** दिया जाता है।
- वर्ष 2023 में **भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा 26 एथलीटों** को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इस सूची में ज़्यादातर एशियाई खेल 2023 के एथलीट शामिल हैं, जहाँ भारत ने आयोजन के एक ही संस्करण में 100 से अधिक पदक जीतकर इतिहास रचा था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-felicitates-arjuna-awardees